Vol.- II, Jan - June 2016-17

# Darpan

Newsletter of Post Graduate College published Biannual & Bilingual

## आर्य महिला पी.जी. कॉलेज

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से सम्बद्ध
(नैक द्वारा ग्रेड ''ए'')



## College with Potential for Excellence

EDITORS
**DR. RANJANA MALVIYA**
**DR. PREETI**
**DR. SUNITA YADAV**

**DR. RACHANA DUBEY**
PRINCIPAL

Copyright C : Arya Mahila P.G. College, Chetganj, Varanasi
Ph. : 0542-2411893, Fax : 0542-2401287
Website address : www.ampgc.ac.in

## प्राचार्या की लेखनी से....



सर्वप्रथम मैं श्रीमती विद्या देवी जी एवं स्वामी ज्ञानानन्द जी को नमन् करती हूँ तथा महाविद्यालय के प्रबंध-समिति को हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करती हूँ, जिनके सहयोग एवं कुशल मार्गदर्शन से मुझे सदैव बल मिलता रहा है।

इस न्यूज लेटर 'दर्पण' के सम्पादक मण्डल ने कॉलेज के अध्यापकगण, छात्र, प्रशासन, कार्यालयीय कर्मचारीगण से संबंधित सभी समाचारों को संकलित करने का सुप्रयास किया है। इस न्यूज लेटर से ज्ञात होता है कि हमारी प्राध्यापक एवं छात्राएं रचनात्मक कार्यों एवं चिन्तनमनन के स्तर पर सतत् जागरूक एवं सक्रिय हैं।

महाविद्यालय में कम्प्यूटरीकृत लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास की उपलब्धता कम्प्यूटर साक्षरता, छात्र परिषद्, खेलकूद इत्यादि कार्यक्रमों द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास का प्रयास किया जाता है। साथ ही साथ शिक्षणेत्तर एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से मेघा सांस्कृतिक संकुल युवा महोत्सव-2017 में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्राओं की प्रतिभा को एक नई मौलिक दिशा में प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाता है।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव 'स्पन्दन'-2017 में हमारी छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। महाविद्यालय की बहुमूल्य धरोहर पूर्व छात्राओं का सम्मान करते हुए पूर्व छात्र समागम समारोह का आयोजन किया गया। निश्चय ही पूर्व छात्राएँ स्वामी ज्ञानानन्द जी एवं श्रीमती विद्या देवी जी के सपनों के अनुरूप तन-मन-धन से अपने महाविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालयों की श्रेणी में स्थापित करने का सार्थक प्रयास करने में संलग्न हैं। आवश्यकता है हम और हमारे विद्यार्थी अपनी इस विरासत से परिचित हों और इसे अपना प्रेरणा स्रोत बनाएँ।

मैं महाविद्यालय के सभी शिक्षक वृंद, छात्राओं, कर्मचारीगण को महाविद्यालय की गरिमा बनाए रखने के लिए धन्यवाद देती हूँ। अगले अंकों में क्रमशः....।

## सम्पादक की लेखनी से....



महिलाओं को शिक्षा द्वारा उन्नत, आत्म-निर्भर तथा गौरवशाली नागरिक, बनाने की कालजयी दृष्टि से स्वामी ज्ञानानन्द जी एवं श्रीमती विद्या देवी जी ने आर्य महिला महाविद्यालय जैसी पवित्र संस्था की स्थापना की। उनकी कल्पना के अनुरुप इस महाविद्यालय से ज्ञान, चिन्तन और अनुभव की विरासत लेकर उसे अपनी नवनवोन्मेषशालिनी प्रतिभा के साथ आगे बढाने का कार्य छात्राएँ कुशलता के साथ कर रही हैं। आज सम्पूर्ण समाज स्वामी जी के कालजयी दृष्टि के महत्त्व को स्वीकार कर रहा है और इस महाविद्यालय की ओर आशा भरी दृष्टि से देख रहा है।

महाविद्यालय को सी.पी.ई, स्तर प्राप्त होने के उपरान्त न्यूज लेटर 'दर्पण' के इस द्वितीय अंक में शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामुदायिक गतिविधियों, खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अन्य गतिविधियों को विस्तार से समाहित किया गया है।

महाविद्यालय द्वारा शैक्षणिक संगोष्ठी, सम्मेलन एवं अन्य सामाजिक कल्याण के कार्यक्रमों के लिए आवश्यक धनराशि की उपलब्धता का प्रावधान किया गया है। महाविद्यालय में इस वर्ष से नेट एवं जे0आर0एफ0 परीक्षा की तैयारी हेतु कक्षा का शुभारम्भ किया गया। रेमेडियल कक्षा संचालित की गयी। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सलेक्शन (आई.बी.पी.एस.) द्वारा आयोजित समस्त बैंकों की नियुक्ति के लिए ऑन लाइन परीक्षा भी सम्पन्न कराई गईं। विभिन्न विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (अन्तिम वर्ष) की परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा-प्रमाण-पत्र एवं स्कॉलरशिप प्रदान कर गौरवान्वित किया गया।

दर्पण के इस अंक के प्रकाशन के लिए मैं महाविद्यालय की प्राचार्या, प्रो0 रचना दूबे के प्रति विशेष आभारी हूँ, जिनकी निरन्तर प्रेरणा एवं उत्साहवर्द्धन से यह अंक आपके हाथों में है। हम कामना करते हैं कि दर्पण का यह अंक सफल हो। पुनः अगले अंक के साथ....

## विद्यादेवी जी



पूजनीया श्रीमती विद्यादेवी जी का जन्म 08.10.1900 ई0 को हुआ। वह 17 वर्ष की अल्पायु में काशी आयीं। यहाँ उन्होंने स्वामी ज्ञानानन्द जी से दीक्षा ग्रहण कर स्वामी जी के आशीर्वाद से महामण्डल एवं उससे सम्बद्ध शिक्षण संस्थाओं को स्थापित करने का महान कार्य किया। उन्होंने सन् 1956 ई0 में आर्य महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना की। वह महाविद्यालय के सेवार्थ जीवन पर्यन्त समर्पित रहीं। उनका तिरोभाव 10.11.1988 ई0 को हुआ।



14 दिसम्बर, स्थापना दिवस के अवसर पर न्यूज़लेटर 'दर्पण' का विमोचन करते हुए मंचासीन मुख्य अतिथि प्रो. पंजाब सिंह, अध्यक्ष, कृषि विज्ञान राष्ट्रीय अकादमी, भारत सरकार, डॉ0 शशिकान्त दीक्षित, प्रबन्धक,आ.म.पी.जी. कॉलेज, श्री दीनानाथ झुनझुनवाला, श्री सत्यनारायण पाण्डेय, श्री हरिनारायण पाण्डेय।

# FACULTY OF ARTS

## Department of A.I.H.C. & Archaeology

- सत्र 2016-17 में प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग की ओर से नेट/जे.आर.एफ. परीक्षा की तैयारी हेतु कक्षा का संचालन किया गया।

## Department of Bengali



- The Teachers and students of the Department of Bengali participated in the celebration of the birth anniversary of Swami Vivekanand organised by Bangiya Sahitya Samaj, Varanasi on 12.01.2017
- It celebrated the birth anniversary of Netaji Subhash Chandra Bose on 23.01.2017
- It also organised community work entitled "Swa-cchata App. load" on 07.02.2017
- It celebrated International Mother Language Day on 21.02.2017

## Department of Home Science




- दिनांक 20.02.2017 से 20.03.2017 तक ''श्रीमती आशा रौनियार, समन्वयक ''खाद्य संरक्षण केन्द्र'' भोजुबीर, वाराणसी द्वारा गृहविज्ञान, आ.म.पी.जी. कॉलेज में "Cooking and Baking" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- दिनांक 03.04.2017 को गृहविज्ञान विभाग एवं लायन्स क्लब के संयुक्त तत्वावधान में ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ तथा कन्या भ्रूण हत्या'' विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि डॉ0 इन्दु सिंह, डॉ0 शिप्राधर एवं श्री अनिल तुलस्यान थे।
- ''विश्व स्वास्थ्य दिवस'' (दिनांक 07.04.2017) के अवसर पर महाविद्यालय स्तर पर 'अवसाद' विषय पर एकल व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 ऊषा वर्मा, प्रवक्ता मनोविज्ञान विभाग, आ.म.पी.जी. कॉलेज ने छात्राओं को सम्बोधित किया।

- दिनांक 24.04.2017 से 26.04.2017 तक विभाग की छात्राओं के लिए ''अन्नपूर्णा अन्न क्षेत्र'' ट्रस्ट द्वारा एक वर्षीय डिप्लोमा "Cutting & Tailoring" (निःशुल्क) कोर्स की परीक्षा का आयोजन किया गया।



## Department of Music

- दिनांक 11.02.2017 को वसन्त कन्या महाविद्यालय द्वारा स्व0 पंडित कलवन्त एवं पं0 बलवन्त राय भट्ट की स्मृति में आयोजित ''आचार्य स्मरण समारोह'' में संगीत (गायन) विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 ममता सान्याल, प्रवक्ता रुचि मिश्रा एवं छात्राओं ने सहभागिता की।
- दिनांक 16.02.2017 को संगीत (गायन) विभाग द्वारा ''उत्तर भारतीय संगीत के अन्तर्गत आने वाली विभिन्न शैलियों की विवेचना'' विषयक एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ0 रामशंकर, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, मंच कला संकाय, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय थे।



- दिनांक 07.04.2017 को ''विश्व स्वास्थ्य दिवस एवं भारत रत्न पं0 रविशंकर जयन्ती'' के अवसर पर वाद्य संगीत विभाग द्वारा 'योग एवं स्वास्थ्य' विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें योग के विभिन्न आसनों का चित्रण किया गया तथा सितार वादन की प्रस्तुति कर पं0 रविशंकर जी को स्वरांजलि अर्पित की गई।

## Department of Philosophy



- दर्शन विभाग द्वारा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के सहयोग (अनुदान) से 'व्याख्यान माला' का आयोजन किया गया। जिसमें दिनांक 23.02.2017 को प्रो0 अजीत नारायण त्रिपाठी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, आई.आई.टी., का.हि.वि.वि. ने ''आधुनिक युग के लिए एक समग्र जीवन दृष्टि'' विषय पर तथा प्रो0 विष्णुदत्त पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, मा.गॉ.का.वि., वाराणसी ने ''भारत में धर्म'' विषय पर व्याख्यान दिया। इसी क्रम में दिनांक 28.02.2017 को प्रो.अरविन्द कुमार राय पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शन एवं धर्म विभाग, का.हि.वि.वि. ने "Philosophy of Science" विषय पर तथा प्रो. के. पी. मुखोपाध्याय, पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, जादवपुर विश्वविद्यालय, पश्चिम बंगाल ने "Philosophy of Logic" विषय पर प्रकाश डाला।




- दिनांक 26.03.2017 को विभाग द्वारा छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु सारनाथ ले जाया गया।



- आर्य महिला हितकारिणी महापरिषद् के स्थापना दिवस समारोह दिनांक 14.12.2016 के अवसर पर दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका 'विमर्श' भाग-चतुर्थ का विमोचन करते हुए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो0 पंजाब सिंह, डॉ0 शशिकान्त दीक्षित, श्री सत्यनारायण पाण्डेय, श्री दीनानाथ झुनझुनवाला एवं अन्य गणमान्य अतिथि।

## Department of Sanskrit

- संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक 01 मार्च 2017 को ''स्वच्छता के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण'' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती मनीषा राय, पूर्व सुपरवाइजर, कनेडियन इम्पीरियल बैंक ऑफ कॉमर्स तथा डाटा बेसस्कैनर, कस्टम्सरेटर्स (टोरेंटो, कनाडा) ने वैदुष्य पूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया।

- संस्कृत विभाग एवं संस्कृति भारती, काशी प्रान्त के संयुक्त तत्त्वावधान में ''संस्कृत भाषा-भारतीय भाषा जननी एवं संस्कृति संवाहिका'' विषय पर दिनांक 2 मार्च 2017 को एक दिवसीय राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रो0 यदुनाथ दूबे, कुलपति, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय ने की तथा प्रो0 हृदय रंजन शर्मा, अध्यक्ष संस्कृति भारती, डॉ0 कामेश्वर उपाध्याय, सचिव, अखिल भारतीय विद्वत् परिषद् ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सङ्गोष्ठी को सम्बोधित किया।



- दिनांक 01.04.2017 को संस्कृत विभाग की ओर से विभागीय स्तर पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर वर्ग की छात्राओं के लिए अष्टाध्यायी सूत्रान्त्याक्षरी, श्लोकान्त्याक्षरी स्पर्धा, स्तोत्रगान स्पर्धा का आयोजन किया गया तथा विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।
- ज्ञान प्रवाह ''सांस्कृतिक अध्ययन एवं शोध केन्द्र'' वाराणसी में आयोजित त्रिदिवसीय अखिल भारतीय वेद सङ्गोष्ठी (24-26 फरवरी 2017) के अवसर पर ज्ञान प्रवाह यज्ञशाला में विहित होने वाली 'मित्रविन्दा-इष्टि' (वैदिक श्रोत्र यज्ञ) यज्ञ के प्रायोगिक पक्ष के अवलोकन एवं ज्ञानार्जन हेतु महाविद्यालय की संस्कृत विभाग की 27 छात्राओं को ले जाया गया।

## Department of Economics

- दिनांक 20.04.2017 को अर्थशास्त्र विभाग द्वारा "Social Sector & Environment" विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो0 एम. मिश्रा, अर्थशास्त्र विभाग,का.हि. वि.वि. थे।



## Department of History

- इतिहास विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यानमाला के अन्तर्गत दिनांक 08.04.2017 को ''सामाजिक कार्य एवं राष्ट्रवाद'' विषय पर डॉ. राजीव श्रीवास्तव, इतिहास विभाग, का.हि.वि.वि. ने महत्वपूर्ण विचार अभिव्यक्त किया।





- दिनांक 14.04.2017 को विभाग द्वारा छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण हेतु ऐतिहासिक स्थल सीतामढ़ी, गोपीगंज, ले जाया गया।

## Department of Political Science

- राजनीति विज्ञान विभाग एवं ''संस्कृति भारती'' के संयुक्त तत्त्वावधान में दिनांक 24.01.2017 को ''लोकतंत्र में मतदान'' विषय पर एक व्याख्यान/संवाद-परिसंवाद का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य वक्ता प्रो. रामनारायण त्रिपाठी, समाजशास्त्र विभाग, का.हि.वि.वि. एवं अन्य विशिष्ट वक्ताओं में डॉ0 अत्रि भारद्वाज, काशी पत्रकार संघ के महामंत्री, श्री अशोक कुमार सिंह, अध्यक्ष, वाराणसी सेन्ट्रल बार एसोसिएशन थे।





- राजनीति विज्ञान विभाग एवं ''जायका सहायतित गंगा एक्शन प्लान'' नगर निगम, वाराणसी द्वारा गंगा का महत्त्व संरक्षण एवं चुनौतियाँ'' विषय पर दिनांक 31.03.2017 को सङ्गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रमेश चन्द्र सिंह, संयुक्त नगर आयुक्त, नगर निगम, वाराणसी थे। सङ्गोष्ठी के अन्त में समस्त शिक्षकवृन्द एवं छात्राओं ने गंगा के संरक्षण के लिए शपथ लिया।

## Department of Psychology


- The Department organised a lecture on **Netra Suraksha evam Jagrukta** by Sunil Shah in Collaboration with Varanasi Eye Bank on 02.09.2016.

- On 05.10.2016 the Dept. celebrated **Mental Health Day** with a lecture on 'Mental Health Awareness' by Dr.Purnima Awasthi, Associate Professor, Department of Psychology, B.H.U. followed by skit Presentation on Client Centered Therapy and Rally.
- The Dept. organised on 31.01.2017 one day International Workshop on "Application of Ink Blot Test in Personality Assessment, Diagnostic Evaluation and Screening in Industry" by B.L. Dubey, Alaska, U.S.A.
- On 18.02.2017 the Dept. arranged an excursion tour to Parle Factor,.Ramnagar with B.A. VI th semester & M.A. IInd semester students.
- The Dept. organised on 18/03/17 a lecture on "Stress & Coping" by Prof. A.K.srivastava, Department of Psychology, B.H.U.
- It also organised a lecture on 31.03.2017 on "Cross Cultural Issues in Research" by Dr.Urmila Rani Srivastava, Associate Professor, Department of Psychology, B.H.U.

## Department of Sociology



- समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 27-28 जनवरी 2017 को राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली के सहयोग (अनुदान) से "Women and Environmental Sustainability" विषय पर राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी का आयोजन किया गया। सङ्गोष्ठी में मुख्य वक्ता प्रो0 आई0एस0 चौहान, पूर्व कुलपति, बर्कतुल्लाह विश्वविद्यालय,
- भोपाल, मध्य प्रदेश, विशिट वक्ता प्रो० बी. डी. त्रिपाठी,



दिनांक 28.01.2017 को विभाग द्वारा "Environmental Crisis in India" विषयक पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रो. आई.एस.चौहान, पूर्व कुलपति बर्कतुल्लाह विश्वविद्यालय, ने किया।

## TEACHER'S CORNER

- डॉ0 बृजबाला सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, हिन्दीविभाग, ने वसन्त कॉलेज फॉर वूमेन, राजघाट, वाराणसी में दिनांक 01 मार्च 2017 को ''मुक्तिबोध की मुक्तिकामी चेतना'' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी में 'मुक्तिबोध की सृजन यात्रा' पर व्याख्यान दिया।
- श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, परमानन्दपुर, वाराणसी में दिनांक 06.03.2017 को श्री अरविन्द अध्ययन केन्द्र द्वारा आयोजित कार्यक्रम में श्री अरविन्द एवं ''श्री माँ आज के परिप्रेक्ष्य में'' मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया।



- हिन्दी विभाग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में दिनांक 19-20 मार्च 2017 को आदिवासी समाज और स्त्री लेखन विषयक राष्ट्रीयण संगोष्ठी में एक सत्र की अध्यक्षता की।
- दिनांक 9 अप्रैल 2017 को स्पिक मैके के राज्यस्तरीय क्रान्फ्रेस में (सनबीम, लहरतारा में आयोजित) सहभागिता की तथा स्पिक मैके के आयोजनों की जरूरत एवं समाज पर पड़ते सद् प्रभाव का विश्लेषण किया।
- श्रीमती कंचन, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, समाज शास्त्र विभाग ने दिनांक 27-28 जनवरी 2017 को समाजशास्त्र विभाग, आ.म.पी.जी. कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी "Women and Environmental Sustainability" में "Role of Women in Conservation of Environment" विषयक शोध पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ0 चन्द्रकान्ता राय, एसोसिएट प्रोफेसर संस्कृत विभाग, प्रह्लाद राय झुनझुनवाला गीता स्मृति स्वाध्याय केन्द्र की ओर से आर्य महिला इण्टर कॉलेज, वाराणसी में आयोजित गीता विषयक प्रतियोगिता (दिनांक 30.12.2016) तथा का.हि.वि.वि. द्वारा आयोजित युवा महोत्सव स्पन्दन-2017 में संस्कृत काव्यपाठ स्पर्धा (दिनांक 29.03.2017) में निर्णायक रहीं।



- 19 फरवरी 2017 को ज्ञान प्रवाह, वाराणसी की ओर से नागरी नाटक मण्डली में अभिमंचित संस्कृत नाटक ''मालविकाग्निमित्रम्'' का नाट्य निर्देशन किया। नाटक में संस्कृत विभाग की अंकिता तिवारी (शोध छात्रा), कु. अंकिता तथा श्रद्धा तिवारी (एम.ए. उत्तरार्द्ध) ने भाग लिया।
- महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान (भारत सरकार) की ओर से दिनांक 24-26 फरवरी 2017 को ज्ञान प्रवाह में वेदोपाङ्ग पूर्वमीमांसाशास्त्र' विषय पर आयोजित त्रिदिवसीय अखिल भारतीय वेदसंगोष्ठी में 'अर्थवाद का प्रामाण्य' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।
- वर्तमान काल में 'संस्कृत साहित्य की उपयोगिता' विषय पर सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित परिसंवाद 17, संस्कृत साहित्य श्रमणपरम्पराया अवदानम् नामक ग्रन्थ (2016) में प्रकाशित हुआ।
- ज्ञान प्रवाह सांस्कृतिक अध्ययन एवं शोध केन्द्र, वाराणसी द्वारा शैक्षणिक समिति के सदस्य के रूप में डॉ0 चन्द्रकान्ता राय को 05.04.2017 को सम्मानित किया गया।
- डॉ0 गीता सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर, वाद्य संगीत विभाग, का शोधपत्र ''संगीत के अनन्य उपासक : डॉ0 कैलाशचन्द्र गंगरोड़'' अन्तर्राष्ट्रीय मासिक पत्रिका ''संगीत'' फरवरी 2017 में प्रकाशित हुआ।

  डॉ0 ममता सान्याल, एसोसिएट प्रोफेसर संगीत (गायन) विभाग ने महिला महाविद्यालय, का. हि. वि. वि. में दिनांक 25.01.2017 को आयोजित ''सुगम संगीत'' प्रतियोगिता में निर्णायक रहीं।
- अयोध्या में आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी विषय ''लोक संस्कृति में राम'' (दिनांक 30 अप्रैल से 1 मई 2017) में ''श्रीराम का दर्शन'' शीर्षक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।
- डॉ0 निधि मिश्रा, प्रवक्ता, समाजशास्त्र विभाग की पुस्तक ''भारत में विकलांगताःसामाजिक निर्योग्यताएँ एवं बहिष्करण (ISBN - 978-81-930934-0-5) 2017 में प्रकाशित हुई।
- समाजशास्त्र विभाग आ.म.पी.जी. कॉलेज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी "Women and Environmental Sustainability" (दिनांक 27-28 जनवरी 2017) में "Eco feminism : A Symbiotic relation between women and Environment" शीर्षक शोध-पत्र प्रस्तुत किया।




- डॉ0 रंजना मालवीय एसोसिएट प्रोफेसर, प्रा.भा.इ. सं. एवं पुरातत्त्व विभाग द्वारा विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर दिनांक 22.11.2017 को उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय एवं संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार अभिव्यक्त किया।
- डॉ. रत्नाकर पाण्डेय (अ.का. प्रवक्ता) राजनीति विज्ञान विभाग, का चयन, उच्च शिक्षा सेवा आयोग, उत्तर-प्रदेश द्वारा असिस्टेण्ट प्रोफेसर पद पर हुआ।
- दिनांक 12.02.2017 को डॉ0 सरोज रानी, एसोसिएट प्रोफेसर, प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग, को Centre for Cultural resources and Training, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार का सदस्य मनोनीत किया गया।



- CCRT द्वारा आयोजित Orientation Course for in-Service Teachers के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विचार अभिव्यक्त किया।
- डॉ0 सरोज उपाध्याय, राजनीति विज्ञान विभाग का ''राजनीतिक संदर्भ में सहिष्णुता एवं असहिष्णुता'' विषयक शोधपत्र International Journal of Social Sciences & Linguistic, Vol.-IV अक्टूबर-दिसम्बर 2016 में प्रकाशित हुआ।
- ''हिन्दी साहित्य और राष्ट्रीय नवजागरण'' विषयक शोध-पत्र अनुशीलन, Vol. LXX, Dec. 2016 में प्रकाशित हुआ।
- डॉ0 सुचिता त्रिपाठी, असिस्टेण्ट प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, गणतंत्र दिवस समारोह (26.01.2017) के अवसर पर पूर्णोदय महिला महाविद्यालय बच्छाँव, वाराणसी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित थीं।
- दिनांक 01-02 मार्च 2017को वसन्त कॉलेज फॉर वूमेन, राजघाट, वाराणसी में 'मुक्तिबोध की मुक्तिकामी चेतना' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी में वक्ता के रूप में विचार व्यक्त किया।
- दिनांक 06.04.2017 को डी.ए.वी.पी.जी. कॉलेज में आयोजित नवांकुर कवि गोष्ठी में मुख्य वक्ता थीं।




- दिनांक 05 फरवरी 2017 को शास्त्रार्थ महाविद्यालय, दशाश्वमेध, वाराणसी द्वारा महिला शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व निष्ठा एवं शैक्षणिक योगदान हेतु ''शिक्षा प्रज्ञाता'' अलंकरण से विभूषित किया गया।
- डॉ0 सुनीता यादव, प्रवक्ता, प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्व विभाग ने श्री अरबिन्दो सोसाइटी, देहरादून द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन (1-2 अप्रैल 2017) विषय "The Significance of Karma in the Integral Yoga of Sri Aurobindo" में भाग लिया।

- 6 मार्च 2017 को श्री अरबिन्द अध्ययन केन्द्र, श्री अग्रसेन कन्या पी.जी. कॉलेज, परमानन्दपुर, वाराणसी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ''श्री अरबिन्द की शिक्षा का उद्देश्य और युवा'' विषय पर व्याख्यान दिया।
- "Gold Ore in Ancient Indian Literature" शीर्षक शोध-पत्र Creation, 2016 (ISSN 2231-3933) में प्रकाशित हुआ
- शोध पत्र Nose ring in Ancient India शोधपत्रिका ''अर्णव'' दिसम्बर 2016 (ISBN 2320-6103) में प्रकाशित हुआ।
- 22 नवम्बर 2016 को विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्त्व निदेशालय एवं संस्कृति विभाग, उ.प्र. द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वक्ता के रूप में विचार व्यक्त किया।
- हिन्दी विभाग द्वारा 24.04.2017 को आयोजित काव्य गोष्ठी में स्वरचित कविता का पाठ किया।
- Dr. Kavita Arya, Assistant Professor, Dept. of English conducted an excursion tour for MA previous students to Kiran Society: A School for differently abled children on 17th February 2017. She also conducted an education tour for BA (Hons) final year students to Gyan Prawaha on 03.03. 2017.
- She has been selected as the joint secretary of Spic Macay, U.P. on 9.4.2017 at Sunbeam English School, Lahartara, Varanasi.
- Her self-composed poem "0' Kalidas'" got published from The Quest: A Peer Reviewed Literary Journal, Vol 30, Nov 2, 2016.
- She participated in a National Seminar on Contemporary Relevance of William Shakespeare on 30-31th March 2017 organised by Dept of English & Other Foreign Languages, Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith, Varanasi & presented a paper entitled "Shakespeare as Adopted by Bollywood : Bharadwaj's Trilogy" .
- Dr. Garima Gupta, Assistant Professor, Dept. of Psychology. acted. as an organising secretary for One Day International Workshop on "Application of Ink Blot Test in Personality Assessment, Diagnostic Evaluation and Screening in Industry" on 31.01.2017 at Arya Mahila P.G. College .
- She participated in Refresher Course on Research Methodology from 27.02.2017 to 19.03.2017 organized by UGC Human Resource Development Center, Allahabad.
- She participated and recited self-composed poem on the title "Mohabbat" in Pratham Rashmi Kavya Goshti on 24th April, 2017 which is organised by Dept of Hindi,AMPGC.
- She actively acted as a judge in Rangoli competition, Elocution Competition, Mimicry Competition in Medha Sanskritik Sankul, the youth festival of college held in the first week of February 2017.
- Dr. Madhumita Bhattacharya (Associate Professor) Department of Sociology Presented a paper in UGC sponsored National Seminar on "Globalization Effects on Indian Society" held on 12-13 November, 2016 at Dept. of Sociology, MBS P. G. College, Gangapur, Varanasi.
- Presented a paper on "Effects of Globalization on Nation Building and Culture" held on 3-4 December, 2016 at Department of Sociology, Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth, Varanasi.
- Presented a paper in National Seminar sponsored byNational Commission for Women on"Women and Environmental Sustainability" held on 27-28 January, 2017 at Department of Sociology, Arya Mahila P.G. College, Varanasi.
- She published a paper entitled "Gender Inequality in India" in Interdisciplinary Journal of Contemporary Research by Deptt. Of French, SKC School of English and Foreign Language, Assam University, Silchar, Assam, India. Vol. 3, No.4, August-Sept. 2016, Pg. No. 9-10, ISSN.2393-8358
- She was acted as an Organizing Secretary of National Seminar sponsored by National Commission for Women, New Delhi on "Women and Environmental Sustainability" held on 27-28 January, 2017 at Deptt. of Sociology, Arya Mahila P.G. College, Varanasi.
- Dr. Manish Tiwari, Assistant Professor, Dept. of Sociology delivered a talk in panel discussion on 'Cultural Consequences of Globalization' in a two days national seminar on "Impact of Globalization on Indian Institutional Society" organized by . department of Sociology, M.B.S. P.G. College, Gangapur affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth, Varanasi, sponsored by UGC dated 12-13 Nov 2016.
- Participated in a two days teacher's workshop on 'Clean Ganga Club Programme' assisted by JlCA sponsored by Nagar Nigam Varanasi and CEE (Centre for Environment Education) dated 29- 30 Nov 2016.
- Delivered a lecture as a Resource Person on 'Science Vs Rationality' in a three days workshop on "Personality Development and Career Building" jointly organized by Department of Vikriti Vigyan, Faculty of Ayurveda, IMS, BHU and Vishwa Ayurveda Parishad dated 07.12.2016 to 09.12.2016
- Convened a two days National Seminar as a Convener on "Women and Environmental Sustainability" for Department of Sociology, Arya Mahila P.G. College sponsored by National Commission for Women (New Delhi) dated 27-28.01.20 17.
- Co-chaired the session on 'Globalization, Inequalities and Youth in India- Caste. Class, Gender and Religion Aspects' in two days National Seminar on "Globalization and Youth in India : Perspectives, Issues and Challenges" organized by Department of Sociology. Baba Sahab Bhim Rao Ambedkar University (A Central University, Lucknow. Sponsored by ICSSR, New Delhi dated 06-07.03.17 sponsored by ICSSR.
- Presented a paper titled 'Globalization and Cultural Crises of Indian Youth in a two days National Seminar on "Globalization and Youth in India: Perspectives, Issues and Challenges" organized by Department of Sociology, Baba Sahab Bhim Rao Ambedkar University (A Central University. Lucknow, Sponsored by ICSSR. New Delhi dated 06-07.03/17 sponsored by ICSSR.

- Delivered a lecture as a Resource Person on 'Rural Reconstruction and Development Schemes' in a two days National Seminar "Rural Reconstruction and Development Schemes: Impact and Evaluation" organized by Department of Sociology and Social Work Jagadguru Rambhadracharya Handicapped University. Chitrakoot, U.P. sponsored by UGC dated 27-28.03.2017.
- Presented a paper on. 'Changing Lives of Rural People through Reconstruction and Development Schemes' in a two days National Seminar "Rural Reconstruction and Development Schemes:Impact and Evaluation" organized by Department of Sociology and Social Work, Jagadguru Rarnbhadracharya Handicapped University, Chitrakoot, U.P., sponsored by UGC dated 27-28.03.2017.
- Acted as a judge in the first AII India Mahamana Memorial Debate Competition 2017 held at Dean Students Welfare Hall organized by BHU, Varanasi.
- Dr. Meraj Hashmi (Lecturer in Sociology) presented a paper in UGC sponsored National Seminar on "Globalization and Environment" held on 12-13.11. 2016 at Deptt. of Sociology, MBS P.G. College, Gangapur, Varanasi.
- Presented a paper on "Islam and Nation Building" held on 3-4 December, 2016 at Deptt. of Sociology, Mahatma Gandhi Kashi Vidyapeeth, Varanasi.
- Presented a paper in a National Seminar sponsored by National Commission for Women on "Environment Sustainability in Islam" held on 27-28.01.2017 at Deptt. Of Sociology, Arya Mahila P.G. College, Varanasi.
- He published a paper entitled "Child Labour in Silk Industry" in Interdisciplinary Journal of Contemporary Research by Deptt. Of French, SKCSchool of English and Foreign Language, Assam University, Silchar, Assam, India. Vol. 3, No.4, August-Sept. 2016, ISSN.2393-8358.
- Dr Bhanumati Mishra, Asst Prof, Dept. of English, published her book Echoes of Silence, Authors press, New Delhi
- Published Review of 2 books: *Listen to The Flames: Texts and Readings from the Margins,* Oxford University Press & *Saadat Hasan Manto: The Armchair Revolutionary and Other sketches,* Left Word Books, New Delhi.
- Presented a paper entitled *"Unsettling Narratives: A Post-colonial reading of Manto's "Thanda Gosht" and Perumal Murugan's Madhorubagan in English Translation"*
- Published a Research Paper entitled 'Interview with Mini Krishnan, Translations Editor, Oxford University Press (lndia)' Critical Flame Published two short stories The Raging Goddess, Muse India & The Lighted Cigarette, *Ashvamegh.*
- *Dr. G.K. Sinha, Assistant professor, Dept. of Economics got* published two books entitled "Skill Development & Entrepreneurship", Dominant publishers & Distributers Pvt. Ltd. & Human Resource Management in Globalised Era, Dominant Publishers & Distributors Pvt. Ltd.

## STUDENT'S CORNER

अमर बहादुर, शोध छात्र, प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग ने दिनांक 28-29 जनवरी 2017 को प्रा.भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग का.हि.वि.वि. द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी ''Varanasi: Culture and Heritage'' में ''बौद्ध धर्म में पर्यावरण की भूमिका'' शीर्षक शोधपत्र प्रस्तुत किया तथा "Recent Researches History and Archaeology" विषय पर आयोजित संगोष्ठी (दिनांक 2-3 दिसम्बर 2016) में शोधपत्र प्रस्तुत किया।

बंगाली विभाग की छात्रा स्नेहा सिक्दर (एम.ए.) ने मऊ में आयोजित 'राष्ट्रीय फिल्म-महोत्सव (18.03.2017) में भाग लिया।



गृह विज्ञान की छात्राओं द्वारा दिनांक 17.04.2017 को ''हस्त शिल्प कला'' के अन्तर्गत स्वनिर्मित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

13 जनवरी 2017 को वाद्य संगीत विभाग की छात्राओं ने काशी अनाथालय, मलदहिया, वाराणसी की बालिकाओं के मध्य वेदगान, कविता एवं खेल का आयोजन कर उनकी प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास किया।

25 फरवरी 2017 से 03 मार्च 2017 तक वाद्य संगीत विभाग, संगीत एवं मंचकला संकाय, का.हि.वि.वि. द्वारा आयोजित सप्तदिवसीय कार्यशाला विषय ''उत्तर भारतीय संगीत की तकनीक एवं बारीकियाँ'' में संगीत (वाद्य) विभाग की छात्राएँ कु0 दानिया आलम, कु0 प्रीति सिंह, मनीषा कुमारी, कु0 रीतु एवं कु0 पुष्पा ने सहभागिता की।

शुभा वर्मा एवं रेनू चौरसिया शोध छात्रा हिन्दी विभाग ने 13-14 जनवरी 2017 को ''कथेतर हिंदी गद्यः परम्परा और प्रयोग'' विषय पर विद्याश्री न्यास द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी में भाग लिया।

दिनांक 16-25 फरवरी 2017 को 'रामचरित मानसः पाठ और पुनःपाठ'' विषय पर हिन्दी विभाग, का.हि.वि.वि. द्वारा आयोजित दस दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में शुभा वर्मा, रूबी यादव, मोतीचन्द्र प्रसाद तथा रेनू चौरसिया ने सहभागिता की।

दिनांक 14-15 जनवरी 2017 को ''संचार माध्यमों की भाषा और वैश्विक हिन्दी'' विषय पर जनसंचार विभाग, म.गाँ.का.वि. वाराणसी द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय सङ्गोष्ठी में मोतीचन्द प्रसाद, सुरेन्द्र यादव, शोध छात्र, हिन्दी विभाग ने भाग लिया।

- हिन्दी विभाग की छात्राओं द्वारा 24.04.2017 को अन्तर्विद्यालयीय काव्यपाठ प्रतियोगिता ''प्रथम रश्मि'' का आयोजन किया गया। जिसमें पूजा मौर्या, पूजा पाण्डेय, श्रुति (एम.ए.प्रथम वर्ष), अनुरागिनी (एम.ए.द्वितीय वर्ष) की सक्रिय सहभागिता रही।
- संस्कृति भारती, काशी प्रान्त की ओर से आर्य महिला इण्टर कॉलेज में दिनांक 17.12.2016 को आयोजित भाषा प्रतियोगिता में पूजा तिवारी (एम.ए. उत्तरार्द्ध) ने सर्वोत्तम, श्रद्धा तिवारी (एम.ए. उत्तरार्द्ध), आसना मिश्रा (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने उत्तम स्थान प्राप्त किया। भूषा प्रतियोगिता में संघमित्रा (एम.ए. उत्तरार्द्ध) ने उत्तम स्थान अर्जित किया।



- वन्देमातरम् (समूहगान) प्रतियोगिता में श्रद्धा तिवारी को सर्वोत्तम, पूजा तिवारी, कु. अंकिता, आसना मिश्रा एवं दिव्याकिरण आर्या ने उत्तम स्थान प्राप्त किया। एकल गान प्रतियोगिता में आसना मिश्रा ने सर्वोत्तम स्थान प्राप्त किया।
- अखाड़ा गोस्वामी तुलसीदास, वाराणसी द्वारा आयोजित 'श्रीरामचरित मानस' के दोहों एवं चौपाइयों पर आधारित स्वरस्पर्धा (1-2 फरवरी 2017) में संस्कृत विभाग की आसना मिश्रा (बी.ए.प्रथम वर्ष) ने प्रथम, सस्वर संस्कृत श्लोक गान स्पर्धा में अनुरंजिका चतुर्वेदी (एम.ए.पूवार्द्ध) ने प्रथम तथा श्रद्धा तिवारी (एम.ए. उत्तरार्द्ध) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।
- का.हि.वि.वि. द्वारा आयोजित 'युवा महोत्सव स्पन्दन-2017' में संस्कृत वाद-विवाद स्पर्द्धा में अनुरंजिका चतुर्वेदी (पक्ष) एवं पल्लवी (एम.ए. पूर्वार्द्ध) ने तृतीय स्थान तथा ''संस्कृत स्वरचित काव्यपाठ स्पर्धा'' में श्रद्धा तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

## ALUMNI MEET




- दिनांक 24.04.2017 को महाविद्यालय में 'पूर्वछात्र समागम समारोह' का आयोजन किया गया। जिसमें सन् 1961-1975 तक शिक्षाप्राप्त पूर्व छात्राओं एवं वर्तमान में अध्यापन कार्य में संलग्न सात शिक्षिकाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डॉ. उमा गुप्ता एवं पूर्व कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. उर्मिला देवी को भी सम्मानित किया गया।



पूर्व छात्र समागम समारोह के अवसर पर युगल कथक नृत्य प्रस्तुत करती हुई पूर्व छात्रा डॉ. ममता टण्डन एवं उनके सहयोगी पं. रविशंकर जी।

- एलूमनी एसोसिएशन द्वारा महाविद्यालय को प्रदत्त 'आर.ओ.सहित वाटर कूलर' का उद्घाटन करते हुए प्राचार्या डॉ. रचना दूबे, पूर्व प्राचार्या डॉ. उमा गुप्ता एवं पूर्व छात्राएँ।



## NATIONAL SERVICE SCHEME (NSS)

- राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई हंसवाहिनी की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वीना सुमन के निर्देशन में दिनांक 23.01.2017 को 'मतदाता जागरूकता अभियान' के अन्तर्गत छात्राओं के मध्य विभिन्न कार्यक्रम निबंध, नाटक, रंगोली, वाद-विवाद, भाषाण आदि का आयोजन किया गया।
- दिनांक 25 जनवरी 2017 को मतदाता जागरूकता दिवस के अवसर पर डॉ. सम्पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा में आयोजित पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता में रा.से.यो की छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया।



## SPIC MACAY

- स्पिक मैके चैप्टर, आर्य महिला पी.जी. कॉलेज के तत्त्वावधान में दिनांक 08.04.2017 को विश्व प्रसिद्ध राजस्थानी लोक गायक एवं करताल वादन में निपुण उस्ताद खेते खान एवं साथियों का लोकगीत गायन हुआ तथा राजस्थान के प्रसिद्ध लोकनृत्य कालबेलिया का भी प्रदर्शन किया गया।




## TEJASWINI



- Tejaswini- A cell for Women Studies & Development, A.M.P.G.C, co-ordinator, Dr. Bhawana Trivedi organised a programme named A tribute to Women on 03/03/2017. On this occasion a programme "Musical Tribute to Women" was performed & Shakti Samman was given to eminent personalities like Prof. Reeta Joshi Bahuguna (Presently working as Hon'ble Minister Women & Child Welfare, Govt.of UP); Dr. Rachna Srivastava, Principal, V.K.M. Kamaccha; Dr. Rewati Sakalkar, Associate Prof. Music Vocal, BHU; Dr. Anita Patel, Apex Hospital; Mrs. Lakshi Bharadwaj, Ex-Principal, Arya Mahila Inter College; Ms. Meera Vohra, Times of India, Ms. Vina Tiwari, Hindustan, Ms. Vanadana Singh, Dainik Jagaran.
- On this occasion a seminar entitled "Women & Health Problems and Preventions" was organised and a lecture on "Psychology of Gender & Psychological Interventions to Eradicate Gender Discrimination" was also delivered by Dr. Purnima Awasthi, Associate Prof. Psychology, BHU.

## SPORTS NEWS

- आर्य महिला पी.जी. कॉलेज, क्रीड़ा विभाग की ओर से दिनांक 27-28 फरवरी को श्रीमती विद्यादेवी मेमोरियल वास्केट बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट (अर्न्तविद्यालयीय) में महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, महिला महाविद्यालय, का.हि.वि.वि., यू.पी. कॉलेज, बसन्ता कॉलेज फॉर वूमेन, आर्य महिला पी.जी. कॉलेज, वाराणसी की टीमों ने भाग लिया। जिसमें म.गाँ.का.वि. की टीम विजयी रही। इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि डॉ. अभिमन्यु एवं श्री भगवान राय, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, वाराणसी थे।




- वसन्त कन्या महाविद्यालय द्वारा दिनांक 01-02 मार्च 2017 को आयोजित "Madam Blavatsky Womens Volleyball Tournament" में आर्य महिला पी.जी. कॉलेज की टीम विजयी रही।



## NEWS IN FLASH

- श्री अरविन्द सोसाइटी पुदुचेरी की इकाई (वाराणसी केन्द्र) द्वारा दो दिवसीय युवा शिविर, दिनांक (25-26 फरवरी) को आयोजित किया गया। जिसमें 66 छात्राओं ने भाग लिया।



- महाविद्यालय द्वारा आयोजित युवा महोत्सव 'मेधा सांस्कृतिक संकुल' - 2017 के 'शास्त्रीय सितार वादन' प्रतियोगिता में कु. दानिया आलम, कु. विशाखा गुप्ता (बी.ए.-तृतीय), कु. मनीषा (बी.ए.-द्वितीय) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इलोक्यूशन- प्रतियोगिता में कु. सुदीक्षा सिंह (बी.ए.-प्रथम) ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया।
- लोकनृत्य (समूह) प्रतियोगिता में प्रा. भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग की छात्राओं अनुप्रिया, प्रिया सिंह, खुशबू प्रजापति, सुनिभि यादव, काजल सेठ, कोमल सेठ, निकहत परवीन तथा स्वर्णलता द्वारा प्रस्तुत 'दालखाई नृत्य' (उड़ीसा) को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- क्रिएटिव डांस (एकल) प्रतियोगिता में कोमल सेठ को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। अस्मिता भट्टाचार्या ने टर्नकोट स्पर्धा में प्रथम, इलोक्यूशन स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- लोकनृत्य (समूह) प्रतियोगिता में प्रा. भा.इ.सं. एवं पुरातत्त्व विभाग की छात्राओं अनुप्रिया, प्रिया सिंह, खुशबू प्रजापति, सुनिभि यादव, काजल सेठ, कोमल सेठ, निकहत परवीन तथा स्वर्णलता द्वारा प्रस्तुत 'दालखाई नृत्य' (उड़ीसा) को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।
- क्रिएटिव डांस (एकल) प्रतियोगिता में कोमल सेठ को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। अस्मिता भट्टाचार्या ने टर्नकोट स्पर्धा में प्रथम, इलोक्यूशन स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- काशी हिन्दू विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ''युवा महोत्सव' 'स्पन्दन' 2017 प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लेकर समारोह के अन्तर्गत सम्पन्न विविध प्रतियोगिताओं में कई पुरस्कार प्राप्त किये। युवा महोत्सव के अवसर पर का.हि.वि.वि. के विभिन्न संकायों एवं सम्बद्ध महाविद्यलयों द्वारा निकाली गई शोभा यात्रा में महाविद्यालय की शोभायात्रा 'स्वच्छगंगा निर्मल गंगा' को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- युवा महोत्सव 'स्पंदन' के अन्तर्गत क्रमशः शास्त्रीय सितार वादन में कु. दानिया आलम (बी.ए.-तृतीय) ने सांत्वना पुरस्कार, संस्कृत वाद-विवाद में कु. अनुरंजिका चतुर्वेदी व कु. पल्लवी (एम.ए.-प्रथम) ने तृतीय स्थान तथा संस्कृत स्वचरित काव्यपाठ में कु. श्रद्धा तिवारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बंगाली विभाग की स्नेहा सिक्दर को 'क्रिएटिव डांस' प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।
- दिनांक 8 जनवरी 2017 को आर्य महिला पी.जी. कॉलेज एवं कला प्रकाश की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ख्यातिलब्ध नृत्यांगना, श्रीमती बाला देवी चन्द्रशेखर, निर्देशिका, (SPNAPM) एकेडमी ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स, न्यू जर्सी ने भरतनाट्यम शैली में कर्ण के जीवन पर आधृत कर्णः 'डेस्टिनीज चाइल्ड' की प्रस्तुति की। नेपथ्य से कथा के मूल भाव का वाचन डॉ0 बृजबाला सिंह, हिंदी विभाग एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ. चन्द्रकान्ता राय संस्कृत विभाग ने किया।



महाविद्यालय में प्रतिवर्ष आयोजित वसंत पंचमी महोत्सव 2017 के सांस्कृतिक कार्यक्रम में सितार पर मनोरम प्रस्तुति करती हुई संगीत (वादन) विभाग की छात्राएँ।





गणतंत्र दिवस 2017 के अवसर पर झंडोत्तोलन करते हुए अतिथिगण।

महाविद्यालय की छात्राओं के बीच आग-बुझाने की जानकारी देते हुए अग्नि-शमन विभाग के अधिकारी।






महाविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण अभियान के अन्तर्गत दिनांक 2017 को पौधा वितरण किया गया ।

## MEDAL & SCHOLARSHIP

महाविद्यालय स्तर परस्नातक एवं परास्नातक परीक्षाओं (2015-16) में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली निम्न छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा मेडल एवं छात्रवृत्ति प्रदान की गईं-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कु. मुस्कान जायसवाल | बी.ए. | कला वर्ग | संगीत वादन विभाग |
| 2 | कु. रोशनी द्विवेदी | बी.ए. | सामाजिक विज्ञान वर्ग | अर्थशास्त्र विभाग |
| 3 | कु. आकांक्षा चौरसिया | बी.एड. | | |
| 4 | कु. कस्तुरी चरण | बी.कॉम. | वाणिज्य वर्ग | |

## जी.सी. बैनर्जी मेमोरियल मेडल/छात्रवृत्ति

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कु. अम्बिका सिंह | एम.ए. | सामाजिक विज्ञान | मनोविज्ञान विभाग |
| 2 | कु. पूर्णिमा बरनवाल | बी.ए. | | |

## सुशीला मौर्या छात्रवृत्ति-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कु. साधना कुमारी | बी.ए. | कला वर्ग | हिन्दी विभाग |
| 2 | कु. नेहरू पाण्डेय | बी.ए. | कला वर्ग | संस्कृत विभाग |

महा विद्यालय द्वारा छात्राओं को योग्यता के आधार पर विशेष आर्थिक सहायता 5000/— प्रदान की जाती है। इस वर्ष कु0 निधि सिंह एम. ए. समाज शास्त्र विभाग को दी गई।


***Editors :***

**Dr.Ranjana Malviya**
Associate Professor, Department of A.I.H.C. & Archaeology

**Dr. Preeti**
Assistant Professor, Department of English

**Dr. Sunita Yadav**
Lecturer, Department of A.I.H.C. & Archaeology